## संपादकीय

# अमेरिकी दबाव में पीछे हटा भारत

अमेरिका के दबाव में ही सही लेकिन भारत सरकार को सद्बुद्धि आई और उसने रूस से तेल खरीद बढ़ाने की पहल को धीमा कर दिया है। मजेदार बात यह है कि थोड़े दिन पहले तक भारत सरकार के जो मंत्री भारत के हितों की दुहाई दे रहे थे और मीडिया में सीना ठोक कर कह रहे थे कि भारत को अगर सस्ता तेल रूस से मिल रहा है तो वह खरीदेगा, अमेरिका कौन होता है नसीहत देने वाला है, वो सब लोग चुप हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री, विदेश मंत्री और पेट्रोलियम मंत्री तीनों ने कहा था कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों पर कोई समझौता नहीं करेगा और उसे अगर रूस से सस्ता तेल मिल रहा है तो वह खरीदेगा।

सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने रूस से कच्चे तेल की खरीद भी बढ़ा दी थी। ध्यान रहे भारत के कुल तेल आयात में रूस से होने वाले आयात का हिस्सा दो फीसदी से भी कम है। इस बार ऐसा लग रहा था कि रूस यूक्रेन युद्ध से पहले वाली कीमत यानी 24 फरवरी से पहले वाली कीमत पर भारत को तेल देगा तो भारत ज्यादा तेल खरीदेगा। खराब क्वालिटी का कच्चा तेल होने, बीमा महंगा होने और लंबे रूट से ढुलाई पर होने वाले खर्च के बावजूद भारत को इसमें फायदा था। ध्यान रहे भारत हर साल सौ अरब डॉलर यानी करीब नौ लाख करोड़ रुपए का कच्चा तेल खरीदता है। ऐसे में अगर प्रति बैरल दो-चार डॉलर का भी फायदा हो तो भारत को अच्छी खासी बचत हो सकती है।

इसी तर्क से भारत सरकार के मंत्री रूस से तेल खरीद बढ़ाने को सही ठहरा रहे थे और पाकिस्तान के तब के प्रधानमंत्री इमरान खान भी कह रहे थे कि भारत एक खुद्दार कौम है, उसकी विदेश नीति स्वतंत्र है और उसको किसी महाशक्ति की जरूरत नहीं है। लेकिन अचानक सब कुछ बदल गया। भारत सरकार के दो वरिष्ठ मंत्री टू प्लस टू की वार्ता के लिए अमेरिका गए और वहां अमेरिका ने रूस से तेल खरीद पर सवाल उठाया। अमेरिका पहले भी सवाल उठाता रहा था। लेकिन इस बार का दबाव काम आया। उधर टू प्लस टू की वार्ता शुरू हुई और इधर भारत सरकार की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने अपने टेंडर में से उरल्स श्रेणी के कच्चे तेल को अलग कर दिया। इंडियन ऑयल उरल्स श्रेणी का कच्चा तेल नहीं खरीदेगा। ध्यान रहे रूस इसी श्रेणी का तेल बेचता है। इसकी क्वालिटी थोड़ी खराब होती है और इसकी रिफाइनरी का खर्च ज्यादा होता है। बहरहाल, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ वार्ता में यह भी कह दिया कि रूस से तेल खरीदने वाले देशों की सूची में भारत शीर्ष 10 देशों में नहीं शामिल होगा। इसका मतलब है कि भारत पहले जितना तेल खरीदता रहा है, उसके आसपास ही खरीद करेगा।

# सीनियर एशियन चैंपियनशिप में 30 पहलवानों की भागीदारी के लिए 1.28 करोड़ रुपये मंजूर




**नई दिल्ली ।** टोक्यो ओलंपियन अंशु मलिक का मानना है कि 19 अप्रैल से मंगोलिया में शुरू हो रही सीनियर एशियन चैंपियनशिप निश्चित रूप से कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियाई खेलों से पहले एक अत्यंत जरूरी प्रतियोगिता है। फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन श्रेणियों में पुरुष टीम के कुल 20 पहलवानों के अलावा महिला टीम की दस पहलवान भी इस स्पर्धा में भाग लेंगी।

सरकार की ओर से इन दोनों ही टीमों के लिए कुल मिलाकर 1.28 करोड़ रुपये की लागत वाले इस दौरे को मंजूरी दी गई है। इस वर्ष के उत्तरार्द्ध में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों से पहले मंगोलिया में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता को एक बेहतरीन एक्सपोजर प्रतियोगिता के रूप में देखा जा रहा है। अन्य पहलवानों के अलावा टोक्यो 2020 के पदक विजेता रवि दहिया और बजरंग पुनिया भी मंगोलिया में आयोजित की जा रही इस प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे।

अंशु ने कहा, 'मैं विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शिविरों का हिस्सा रही हूं और लखनऊ स्थित साई के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में ये सभी विश्वस्तरीय सुविधाएं पाकर मुझे अपार खुशी हो रही है।मैं इस साल सीनियर एशियन चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों एवं एशियाई खेलों से पहले यहां शिविर लगाने के लिए भारतीय कुश्ती महासंघ का भी धन्यवाद करती हूं।

अंशु ने यह भी कहा, 'मैं और हमारी टीम के सभी साथी आगामी टूर्नामेंटों में अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।'

जहां एक ओर महिला टीम सीनियर एशियन चैंपियनशिप से पहले साई के लखनऊ प्रशिक्षण केंद्र का हिस्सा रही है, वहीं दूसरी ओर पुरुष पहलवान इस चैंपियनशिप से पहले साई के क्षेत्रीय केंद्र सोनीपत का हिस्सा रहे हैं।

प्रतिभागियों की सूची

पुरुष टीम : फ्रीस्टाइल- रवि दहिया, मंगल कादियान, बजरंग पुनिया, नवीन, यश, गौरव बालियान, दीपक पुनिया, विकी, सत्यव्रत कादियान, अनिरुद्ध कुमार; ग्रीको-रोमन - अर्जुन हलकुर्की, ज्ञानेंद्र, नीरज, सचिन सहरावत, विकास, साजन, हरप्रीत सिंह, सुनील कुमार, रवि, प्रेम।

महिला टीम: मनीषा, स्वाति शिंदे, सुषमा शौकीन, अंशु मलिक, सरिता मोर, मनीषा, राधिका, सोनिका हुड्डा, निक्की, सुदेश।

# दिल्ली एनसीआर ओपन गोल्फ 19 से, शीर्ष गोल्फर हिस्सा लेंगे




**नई दिल्ली।** प्रोमेथियस दिल्ली एनसीआर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट 19 से 22 अप्रैल तक नोयडा गोल्फ कोर्स में आयोजित होगा जिसमें देश के शीर्ष गोल्फर हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट के प्रो-एम का आयोजन 23 अप्रैल को होगा। यह टूर्नामेंट टाटा स्टील पीजीटीआई सत्र का नौवां आयोजन होगा और इसमें 40 लाख रुपये की कुल पुरस्कार राशि रखी गयी है।

दिल्ली एनसीआर ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे संस्करण को प्रोमेथियस स्कूल नोयडा का समर्थन प्राप्त है जो टूर्नामेंट का प्रेजेंटिंग पार्टनर है तथा गुजरात पर्यटन इसके लिए एसोसिएट पार्टनर है। सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी जानकारी दी गयी। टूर्नामेंट में ओलम्पियन और गत चैंपियन उदयन माने, युवराज सिंह संधू ,राशिद खान और खलिन जोशी तथा पूर्व चैंपियन हनी बैसोया, अमन राज, करणदीप कोचर, मनु गन्दास और अभिजीत सिंह चड्ढा हिस्सा लेंगे। विदेशी चुनौती का नेतृत्व श्रीलंका के मिथुन परेरा और एन थंगराज, बांग्लादेश के मोहम्मद जमाल हुसैन तथा नेपाल के सुकरा बहादुर राय द्वारा किया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 126 खिलाड़ी अपनी चुनौती रखेंगे।

# रुपया सात पैसे टूटा




**मुंबई ।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना डॉलर के कमजोर पडऩे के बीच घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में हुयी जबरदस्त बिकवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सात पैसे फिसलकर 76.26 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

पिछले सत्र में रुपया 76.19 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था।

रुपया आज 22 पैसे की गिरावट लेकर 76.41 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 76.43 रुपये प्रति डॉलर के निचले और 76.20 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में सात पैसे की गिरावट लेकर 76.26 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

# कोरोना की चपेट में दिल्ली कैपिटल्स, मिचेल मार्श कोरोना संक्रमित



**मुंबई।** दिल्ली कैपिटल्स को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब उनके ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिचेल मार्श कोरोना संक्रमित पाए गए। अब आईपीएल के नियमानुसार मार्श को कम से कम एक हफ़्ते के लिए चरंटीन में रहना होगा। इससे पहले टीम के फ़िजियो पैट्रिक फऱहार्ट भी कोरोना पॉज़िटिव पाए गए थे। इसके अलावा दिल्ली की टीम से एक और सदस्य (मालिशिया) चरंटीन में चले गए थे।

पता चला है कि कैपिटल्स के दल के सभी सदस्यों का आरटी-पीसीआर टेस्ट करवाया गया। इस गतिविधि को मद्देनज़र आईपीएल प्रबंधन निर्णय लेगा कि क्या कैपिटल्स की टीम 20 अप्रैल को पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ मैच खेलने के लिए पुणे की यात्रा कर पाएगी या नहीं। आरसीबी के विरुद्ध अपने पिछले मैच के दौरान मार्श रैपिड एंटीजन टेस्ट में सकारात्मक पाए गए थे। मार्श बल्लेबाज़ी के दौरान लय पकड़ नहीं पाए थे जो अंत में कैपिटल्स की हार का कारण बन गया।

फऱहार्ट आरसीबी के खिलाफ़ हुए मैच से एक दिन पहले कोरोना संक्रमित पाए गए थे। फ़ारहार्ट के कोविड पॉज़िटिव होने के बाद आईपीएल प्रबंधन ने दोनों टीमों से शारीरिक दूरी बरतने के लिए कहा था। समझा जा रहा है कि मार्श को लगातार दो आरटी-पीसीआर टेस्ट से गुजऱना पड़ा। पहला टेस्ट तो निगेटिव आया था लेकिन दूसरे टेस्ट में वह पॉज़िटिव पाए गए। इससे पहले यह रिपोर्ट की थी कि मार्श के दोनों टेस्ट की रिपोर्ट नकारात्मक आई थी।

दिल्ली कैपिटल्स ने बयान जारी करते हुए कहा, कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद मिचेल मार्श को अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं। साथ ही दिल्ली कैपिटल्स बायो-बबल के अन्य सदस्यों की रिपोर्ट पॉज़िटिव आई हैं। उनमें कोरोना के कोई लक्षण नहीं दिखे हैं और फ़्रैंचाइज़ी उनकी देख रेख कर रही है। बायो-बबल के अन्य सदस्य फ़िलहाल अपने कमरों में हैं और उनकी लगातार जांच की जाएगी।

# बंगाल ग्लोबल ट्रेड एक्सपो के पांच दिवसीय आयोजन में 25 देश लेंगे भाग



**कोलकाता ।** बंगाल ग्लोबल ट्रेड एक्पो-2022 (बीजीटीई-2022) के पांच दिवसीय आयोजन में तकरीबन 25 देश हिस्सा ले सकते हैं। बुधवार से शुरू होने जा रहे इस एक्सपो में देश के पूर्वी और पूर्वोत्तर राज्यों से जुड़े व्यापार के सभी पहलुओं को सम्मलित करने की योजना है। विज्ञप्ति के अनुसार, दो दिवसीय बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे बीजीटीई व्यापार करने में आसानी के लिए व्यापारिक समुदाय, व्यापारियों, सरकारी निकायों और वाणिज्य मंडलों को एक साथ लाएगा।

बीजीटीई का आयोजन 70 संघों और 15 लाख से अधिक छोटी और बड़े संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले पश्चिम बंगाल व्यापार संघों के परिसंघ (सीडब्ल्यूबीटीए) कर रहा है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों और इससे संबंधित उत्पाद, औद्योगिक उपकरणों, इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर और खादय प्रसंस्करण सहित 15 से अधिक क्षेत्रों को शामिल किया जाएगा।

इसके साथ ही बीजीटीई-2022 में सूचना प्रौद्योगिकी, कपड़ा और सिले हुए वस्त्र, रसायन एवं पेट्रोकेमिकल, चमड़ा एवं जूता-चप्पल उद्योग, रियल स्टेट, रत्न एवं आभूषण, ऑटोमोबाइल और ऑटो पूर्जे जैसे अन्य क्षेत्रों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार ने कहा,क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बीजीटीई-2022 हमारी पहली पहल है, जिसमें पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, असम और उत्तरी-पूर्वी राज्यों के साथ बंगलादेश, भूटान जैसे देश शामिल हैं।

भारत के पड़ोसी देशों के अलावा बीजीटीई-2022 में ब्रिटेन, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और अन्य देश जुड़ेंगे।

श्री पोद्दार ने कहा कि प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से इस एक्सपो में तकरीबन 25 देश भाग ले रहे हैं।

# चीनी के निर्यात में उछाल, घरेलू जरूरत के लिए स्टॉक पर्याप्त बना रहेगा : मंत्रालय



**नई दिल्ली ।** भारत से 2021-22 के दौरान 4.60 अरब डालर मूल्य की चीनी का निर्यात किया। यह वर्ष 2013-14 में 1.18 अरब डालर के निर्यात की तुलना में 291 प्रतिशत अधिक है। सरकार का कहना है कि वह चीनी निर्यात को प्रोत्साहित करना जारी रखेगी और अगले गन्ना पेराई सीजन शुरू होने से पहले देश में पुरानी चीनी का स्टॉक 73 लाख टन रहेगा जो बाजार की दृष्टि से आरामदायक स्टॉक है।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) के आंकड़ों के हवाले से सोमवार को बताया कि भारत ने 121 देशों को चीनी का निर्यात किया है। मंत्रालय के बयान के मुताबिक देश से चीनी का निर्यात पहली बार एक करोड़ टन से ज्यादा हुआ है। वर्ष 2021-22 में निर्यात में कोविड की चुनौतियों के बावजूद 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट किया, भारत की चीनी घोल रही है विश्व में मिठास। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियां किसानों को अपनी आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं और उन्हें अपने उत्पादों के लिए वैश्विक बाजार मिल रहा है।

बयान में कहा गया है कि अप्रैल-फरवरी(2021-22) के दौरान भारत ने इंडोनेशिया को 76.9 करोड़ डालर की चीनी का निर्यात किया। इस दौरान बंगलादेश, सूडान और संयुक्त अरब अमीरात को क्रमश: 56.1 करोड़ डालर, 53 करोड़ डालर और 27 करोड़ डालर की चीनी का निर्यात किया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि चीनी का निर्यात बढऩे से मिलों को चीनी का जमा स्टॉक हल्का करने में मदद मिलेगी और इससे किसानों को भी लाभ मिलेगा।

# हंसिका ने वेब सीरीज माई 3 की शूटिंग पूरी की



हंसिका मोटवानी ने अपनी पहली वेब सीरीज माई 3 के लिए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। शूटिंग के आखिरी दिन अपनी यूनिट में सभी को मिठाई बांटने वाली अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर श्रृंखला पर काम करने के बारे में एक पोस्ट लिखी।उन्होंने लिखा, माई 3 में मेरे किरदार का रैप-अप हुआ। ये यात्रा यादगार थी। इतनी शानदार प्रतिभाशाली टीम को पाकर भावनात्मक रूप से खुशी हुई, जिसने मुझे हर पल सेट पर एक राजकुमारी की तरह महसूस कराया। ओरु कल ओरु कन्नड़ के बाद निर्देशक राजेश सर के साथ फिर से काम करने का मौका मिला। वह बहुत उदार हैं, उन्होंने मुझे अपने दोनों पात्रों के साथ स्वतंत्रता दी। मैं वास्तव में उनके साथ फिर से काम करने का अवसर पाकर बहुत खुश हूं।

पूरी कास्ट और क्रू कमाल का रहा है। मुगेन एक अद्भुत अभिनेता हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। शांतनु, जननी, शक्ति, अभिषेक और अन्य लोग सेट पर मिलनसार रहे हैं। उनके साथ काम करना एक प्यारा अनुभव था।

मेरी माँ को ढेर सारा प्यार, मुझे वह काम करने के लिए प्रोत्साहित करती है, जो मुझे हमेशा पसंद है। मैं अपनी टीम और माई 3 पर मेरी यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए सभी को धन्यवाद देती हूं।

एम राजेश द्वारा निर्देशित वेब सीरीज एक अनूठी रोबोट प्रेम कहानी है और इसे डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम किया जाना है।

# आयुष्मान की अनेक होगी 27 मई को रिलीज



आयुष्मान खुराना की अनेक के निर्माताओं ने वाईआरएफ की जयेशभाई जोरदार के साथ टकराव को टालने के लिए फिल्म की रिलीज की तारीख बदल दी है, जिसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

अनुभव सिन्हा निर्देशित अनेक पहले 13 मई को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब ये फिल्म 27 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

आदित्य चोपड़ा और वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी, भूषण कुमार और अनुभव सिन्हा ने हाल ही में बात की और टकराव से बचने के लिए ये फैसला किया। निर्देशक-निर्माता अनुभव सिन्हा आर्टिकल 15 के बाद फिल्म में दूसरी बार आयुष्मान के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने बयान में कहा, एक फिल्म बनाने के पीछे बहुत ज्यादा मेहनत और योजनाएं होती हैं।

## आज का राशिफल

***मेष***: आपका प्रबल आत्मविश्वास और आज के दिन का आसान कामकाज मिलकर आपको आराम के लिए काफ़ी वक्त देंगे। कुछ लोगों के लिए परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा।

***वृष:*** आज शांत और तनाव-रहित रहें। घर में किसी फंक्शन के होने की वजह से आज आपको बहुत धन खर्च करना पड़ेगा जिसके कारण आपकी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है।

***मिथुन:*** असुरक्षा/ दुविधा के चलते आप असमंजस में फँस सकते हैं। आपके घर से जुड़ा निवेश फ़ायदेमंद रहेगा। अपने दिन की योजना सावधानी से तय करें। ऐसे लोगों से बात करें, जो आपकी मदद कर सकते हैं।

***कर्क:*** बीमारी आपकी उदासी की वजह हो सकती है। आपको परिवार में फिर से ख़ुशी का माहौल बनाने के लिए जल्द-से-जल्द इससे बाहर आने की ज़रूरत है। जो लोग शादीशुदा हैं उन्हें आज अपने बच्चों की पढ़ाई पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है।

***सिंह:*** कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अपने मूल्यों को दरकिनार करने से बचें और हर फ़ैसला तार्किक तरीक़े से लें। आज आपको अपने उन रिश्तेदारों को पैसा उधार नहीं देना चाहिए जिन्होंने आपका पिछला उधार अब तक वापस नहीं किया है।

***कन्या:*** अपनी ख़ुशियों को दूसरों के साथ साझा करना आपकी सेहत को भी बेहतर करेगा। लेकिन खय़ाल रखें कि इसे नजऱअंदाज़ करना बाद में भारी पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति थोड़ी कमजोर हो जाएगी।

***तुला:*** सेहत बढिय़ा रहेगी। आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे- लेकिन ख़र्च में इज़ाफ़ा आपके लिए बचत को और ज़्यादा मुश्किल बना देगा। मुमकिन है कि परिवार वाले आपकी उम्मीदों को पूरा न कर सकें।

***वृश्चिक:*** तली-भुनी चीज़ों से दूर रहें और रोज़ाना कसरत करते रहें। आज किसी करीबी से आपका झगड़ा हो सकता है और बात कोर्ट कचहरी तक जा सकती है। जिसकी वजह से आपका अच्छा खास धन खर्च हो सकता है।

***धनु:*** मुमकिन है कि आपको किसी अंग में दर्द या तनाव से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़े। अचानक आए ख़र्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं। घर को सजाने-संवारने के अलावा बच्चों की ज़रूरतों पर भी ध्यान दें।

***मकर:*** आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। दीर्घावधि मुनाफ़े के नज़रिए से स्टॉक और म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करना फ़ायदेमंद रहेगा।

***कुंभ:*** भीड़भाड़ भरे इलाक़ों में यात्रा करते समय रक्तचाप के रोगियों को अतिरिक्त सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी करीबी रिश्तेदार की मदद से आज आप अपने करोबार में अच्छा कर सकते हैं जिससे आपको आर्थिक लाभ भी होगा।

***मीन:*** भले ही आप उत्साह से लबरेज़ हों, फिर भी आज आप किसी ऐसे की कमी महसूस करेंगे जो आज आपके साथ नहीं है। आज किसी पार्टी में आपकी मुलाकात किसी ऐसे शख्स से हो सकती है।

# नई और टेस्टी रेसिपी 'जरदा पुलाव'



**घर में मीठा बनाने के बाद चाशनी भी अकसर बच जाया करती है। ऐसे में बची हुई चाशनी का इस्तेमाल कैसे करें और डिश को कैसे दें नया ट्विस्ट। आइए जानते हैं यहां।**

**सामग्री :**

2 कप बासमती राइस (2 घंटे के लिए साफ पानी में भिगो दें), 1 तेज़ पत्ता, 4-5 हरी इलायची, 5-6 लौंग, 2 इंच दालचीनी का टुकड़ा, चुटकी भी येलो फूड कलर, थोड़ा सा केसर (एक टेबलस्पून दूध में भिगोया हुआ), 1 टेबलस्पून चिरौंजी, 1/4 कप काजू, 4 टेबलस्पून किशमिश, 3 टेबलस्पून सूखा हुआ नारियल की स्लाइसेज़, 4 टेबलस्पून घी, 100 ग्राम खोया, 1.5 टेबलस्पून संतरे का छिलका, थोड़ा-सा

**विधि :**

चावल को 90 प्रतिशत तक पकाएं। कड़ाही में घी डालें। इसमें तेज़ पत्ता, दालचीनी, लौंग, इलायची, काजू, चिरौंजी, नारियल, किशमिश डालकर चाशनी डाल दें। चावल डालकर चलाएं। अब फूड कलर और केसर डालकर मिलाएं। खोया को कद्दूकस कर डालें। अब संतरे का छिलका और नींबू डालकर तुरंत सर्व करें।


# शब्द सामर्थ्य- 47

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 046 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# सू-दोकू- 47

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.046 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |